तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	
	न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर **अपील संख्या– 92/2016 अंतर्गत धारा–76 एल आर एक्ट** **(GCMS No. 2014/00042)** अनवानः श्रीमती शांति देवी पुत्री बींझाराम पत्नि केसरराम बावरी निवासी 22 आर.बी. तहसील रायसिंह नगर जिला श्रीगंगानगर । बनाम ग्राम पंचायत ओडकी तहसील व जिला श्रीगंगानगर मार्फत सरपंच ग्राम पंचायत ओडकी, मुखराम वगैरह।	
18.01.2023	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषक अपीलान्ट उपस्थित। अभिभाषक अपीलान्ट को रेस्पोडेंट संख्या 2 ता 3 के निमित सम्मन प्रस्तुत करने हेतु पाबन्द किया जाता रहा है, किन्तु अभिभाषक अपीलान्ट को बार–बार पाबन्द किये जाने के बावजूद आज दिनांक सम्मन प्रस्तुत नही किये हैं। इस न्यायालय में यह अपील वर्ष 2016 से विचाराधीन चली आ रही है। अपीलान्ट द्वारा जरिये अभिभाषक न्याय की वांछा लेकर इस न्यायालय में यह अपील प्रस्तुत की गयी, लेकिन अभिभाषक अपीलांट को दिनांक 20.06.2017 से लगातार पाबन्द करने के बावजूद भी आदिनांक तक सम्मन प्रस्तुत नहीं किये है। न्याय चाहने की तत्परता व कोशिश का अभाव अपील चलाने में अरुचि जाहिर करती है। अतः यह अपील अपीलान्ट अदम तकमील में खारिज की जाती है। आदेश की प्रति अपील पत्रावली में शामिल होकर एवं अधिनस्थ न्यायालय का रिकार्ड प्रेषित होकर पत्रावली बाद तरतीब, तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश आज दिनांक 18–01–2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया । संभागीय आयुक्त बीकानेर	